# काबिलियत ऐसी बनाएं कि नौकरी आपके पीछे चलकर आए: डॉ सुधांशु राय

**कानपुर ( नगर छाया समाचार )।** वैश्वीकरण के दौर में परंपरागत नौकरियों के दौर का ग्राफ गिर रहा है सरकारी नौकरियां सीमित संख्या में है ज्यादातर नौकरियां प्राइवेट सेक्टर में है प्राइवेट सेक्टर एक प्रतियोगी क्षेत्र है , यहां पर हायर या फायर का सिद्धांत अपनाया जाता है ऐसी दशा में व्यक्ति की योग्यता ही उसकी जॉब सिक्योरिटी की गारंटी होती है द्य यह बातें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर रोजगार ब्यूरो के प्रमुख डॉ सुधांशु राय ने कही । वह सोमवार को वीएसएसडी कॉलेज के वोकेशनल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट असिस्टेंस सेल द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे

डॉ सुधांशु राय ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर का दौर योग्यता और प्रतिस्पर्धा का है एक व्यक्ति अपनी काबिलियत के बल पर जितनी जल्दी नौकरी पाता है थोड़ी सी गलती करने पर या फिर संतोषजनक प्रदर्शन ना होने पर उतनी ही तेजी से फायर कर दिया जाता है इसके अच्छे और खराब दोनों पहलू है

डॉ सुधांशु राय ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी निरंतर विश्वविद्यालय और उससे संबंधित महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं की प्रगति के लिए दृढ़ संकल्पित है द्य

डॉक्टर सुधांशु ने कहा कि बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हमें अपनी योग्यता भी निरंतर अपडेट करते रहनी चाहिए द्य उन्होंने छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल और व्यक्तित्व विकास के गुर भी बताए द्य सेमिनार में छात्रों को मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर शिवा मिश्रा ने भी संबोधित किया उन्होंने छात्रों को बदलते डोर की मांग के अनुसार अपने कैरियर का चयन करने के सुझाव दिए उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है और इसके बल पर किसी भी क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाएं पैदा की जा सकती है द्य वीएसएसडी प्रबंध समिति की सह सचिव नीतू सिंह जी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि महाविद्यालय प्रबंधन छात्रों को रोजगार के लिए उपयुक्त बनाने हेतु कई उपक्रम करेगा उन्होंने कहा कि शीघ्र ही महाविद्यालय की ओर से इंडस्ट्री विजिट और इंटर्नशिप के कार्यक्रम चलाए जाएंगे द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विपिन चंद्र कौशिक ने छात्रों में उत्साह भरते हुए अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का वोकेशनल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट असिस्टेंस सेल छात्रों को उनके विषय और रूचि के अनुसार प्रशिक्षण और परामर्श सुविधाएं देने को संकल्पित है द्य वोकेशनल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट असिस्टेंस सेल के डायरेक्टर अविनाश चतुर्वेदी ने छात्रों को समय से अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा एकाग्र चित्त होकर उस दिशा में अनुशासित प्रयास करने को प्रेरित किया द्य कार्यक्रम में विश्वविद्यालय



रोजगार ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक अजय जैन वीएसएसडी कॉलेज के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संदीप दीक्षित मुख्य अनुशासक डॉ अजय भूपेंद्र जयसवाल संपादक ऋतंभरा डॉ राकेश शुक्ला डॉ राम तिवारी अभिलेख सिन्हा मनु मिश्रा डॉ विपेंद्र सिंह परमार डॉक्टर कीर्ति गुप्ता निकिता सक्सेना महेश चंद्र झा शशि रानी पाल डॉ समय दिन गुप्ता अजीत सिंह आरती मिश्रा अनिल कुशवाहा श्वेता सिंह समेत शिक्षक गण तथा सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।